>

Title: Need to start construction of AIIMS in Darbhanga, Bihar-Laid.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): मिथिला एवं उत्तर बिहार के केंद्र दरभंगा में 750 बेड वाले एम्स का निर्माण 1264 करोड़ रुपए की लागत से होना सुनिश्चित है, जिसके लिए दिनांक 15 सितंबर 2020 को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है । परंतु अभी तक इसका निर्माण प्रारंभ नहीं सका है ।

दरभंगा एम्स के निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल पर राज्य सरकार द्वारा कौन कौन सा मूलभूत कार्यों का किया जाना है, और मंत्रालय स्तर से इस कार्य को जल्द पूरा करने हेतु क्या कोई पहल किया जा रहा है ।

केंद्रीय कैबिनेट द्वारा एम्स निर्माण को स्वीकृति दिए जाने बाद 10 महीना बीत जाने के वाबजूद इसका कार्य प्रारंभ नही हो पाया है । क्या सरकार द्वारा इसके निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित किया गया है ।

यह लोकहित के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मामला है और एम्स निर्माण में विलंब होने के कारण जनता में अविश्वास की भावना जागृत हो रही है । चूंकि यह सबसे महत्वपूर्ण एवं मूलभूत स्वास्थ्य सुविधा से जुड़ा मामला है, अतः इसका निर्माण तय समय सीमा के भीतर किया जाना आवश्यक है। ताकि इसका लाभ करोड़ों मिथिलावासियों को मिल सके ।